प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

8 मई 2024

यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ बैठक

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने यूपीआई की पहुंच को और बढ़ाने के लिए संभावित कार्यनीतियों पर चर्चा करने हेतु 8 मई 2024 को यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों, यथा, बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता और प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता के साथ एक बैठक की। बैठक में उप गवर्नर, श्री टी. रबी शंकर के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

यूपीआई को अपनाने और उपयोग को व्यापक एवं गहन बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। हितधारकों ने अपने बहुमूल्य इनपुट और सुझाव साझा किए, जिनमें मोटे तौर पर निम्नलिखित शामिल हैं:

i) यूपीआई अवसंरचना को सुदृढ़ करने और उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने संबंधी कार्यनीतियाँ।
ii) पारिस्थितिकी तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियाँ और उन्हें दूर करने के लिए नवीन समाधान; तथा
iii) संभावित उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत करने के लिए नवोन्मेषी विचार।

प्राप्त विभिन्न सुझावों की जांच की जाएगी और रिज़र्व बैंक द्वारा यथासमय उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/268